THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir. Unless the requiste transportation and compression capacity exists, the gas being presently flared cannot be brought onshore.

(b) According to Plan, the current year's production of natural gas is likely to be more than ^he production in 1991-92. The production of gas was 16989, 17998 and 18879 million cubic metres in the years 1989-90, 1990-91 and 1991-92 respectively.

(c) Against the total consumption of 38 MMSCMD approx in the entire country, the consumption in Gujarat •irox. 11 MMSCMD in. the year 1991-92.

**संसद सदस्यों की सिफारिशों पर तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के कनेक्शनों का आवंटन**

2989. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लोगों को संसद सदस्यों की सिफारिशों पर तरलीकृत पैट्रोलियम गैस के कनेक्शनों के आवंटन के लिए वर्तमान प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इस संबंध में संसद सदस्यों का मंत्रालय की ओर से कोई सूचना दी जाती है ; और

(ग) यदि हां, तो संसद सदस्यों क सिफारिश के कितने दिन बाद इसकी सूचना दी जाती है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) :** (क) से (ग) सिफारिशों के प्राप्त होने पर, अग्रता आधार पर एल.पी.जी. कनेक्शनों को जारी करने के आदेश अब हर दो सप्ताह बाद तेल कंपनियों को भेजे जाते हैं । प्रत्येक सदस्य को उसकी सिफारिश पर मंजूर किए गए कनेक्शनों की सूचना समय-समय पर पत्र द्वारा दी जाती है ।

**पेट्रोलियम उत्पादन क्षेत्र में गैर सरकारी क्षेत्रों की भागीदारी**

2990. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
**श्रीमती सुषमा स्वराज :**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री 22 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1374 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेल उत्पादन के दायित्व को निभाने की जिम्मेदारी लेने के लिए जून, 1992 तक सरकार को गैर-सरकारी क्षेत्र से कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) इन पूर्वेदनों में कितने आवेदन पत्र क्रमशः स्वदेशी व विदेशी संस्थानों से संबंधित हैं ; और

(ग) क्या सरकार ने इन आवेदन पत्रों को स्वीकार करने का कोई निर्णय लिया है ; यदि हां, तो चालू वर्ष के दौरान इस क्षेत्र में कितनी विदेशी पूंजी का निवेश किए जाने की संभावना है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :** (क) चौथे दौर की बोली के अधीन कुल 24 बोलियां प्राप्त हुई है ।

(ख) चौथे दौर की बोली के अधीन दस भारतीय कंपनियों और इक्कीस विदेशी कंपनियों ने अपनी बोलियां प्रस्तुत कर दी हैं ।

(ग) बातचीत के बाद करार पर हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

**पेट्रोलियम उत्पादों की मांग और पूर्ति के बीच अन्तर**

2991. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
**श्रीमती सुषमा स्वराज :**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक